किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं।
संपर्क करें:
7018631199

www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2020-22

नवंबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।
himalayanupdate@gmail.com
7018631199

शनिवार 18.11.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के तहत उच्च शिक्षा के लिए 68 आवेदन स्वीकृत

शिमला/हिमालयन अपडेट
मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के तहत गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक आज यहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ कर्नल धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनाथ बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 68 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई।डॉ. शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की पहल पर आरम्भ की गई इस योजना के तहत प्रदेश में लगभग 4000 निराश्रित एवं अनाथ बच्चों को शिक्षा तथा रोजगारपरक व्यावसायिक पाठ्यक्रम के माध्यम से उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में स्नातकोत्तर एवं पीएचडी सहित अन्य उच्चतर शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए 68 आवेदन स्वीकृत किए गए। इन चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट की उच्च शिक्षा पर प्रदेश सरकार 28 लाख 28

हजार 457 रुपये तथा इन्हें स्टाइपेंड प्रदान करने पर 32 लाख 64 हजार रुपये व्यय किए जाएंगे। बैठक में स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता से संबंधित 4 आवेदनों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहत लाभार्थियों को 7 लाख 45 हजार 500 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त व्यावसायिक प्रशिक्षण से संबंधित 42, कोचिंग से संबंधित 16 तथा कौशल विकास के 2 आवेदनों पर भी चर्चा की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि आज की बैठक में प्रस्तुत सभी आवेदनों के तहत प्रदेश सरकार 134 लाभार्थियों को 83 लाख 26 हजार 321 रुपये के लाभ प्रदान करेगी।

साथ ही 4000 रुपये प्रतिमाह प्रति लाभार्थी स्टाइपेंड के तहत 128 लाभार्थियों को 59 लाख 60 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। इन दोनों मदों में कुल एक करोड़ 42 लाख 86 हजार 321 रुपये के लाभ इन बच्चों को प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व अगस्त माह में हुई समिति की बैठक में उच्च शिक्षा से संबंधित 48 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके तहत इन बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 15 लाख 52 हजार 678 रुपये तथा स्टाइपेंड के रूप में 23 लाख 4 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। डॉ. शांडिल ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस कल्याणकारी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समयबद्ध सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में निदेशक महिला एवं बाल विकास रूपाली ठाकुर, निदेशक अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक तथा विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों का सशक्तिकरण विभाग के निदेशक प्रदीप कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त निदेशक मोहन दत सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

राजस्व संबंधी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए सुनिश्चित: उपायुक्त

चंबा/हिमालयन अपडेट
उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि राजस्व संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं।यह निर्देश शुक्रवार को उन्होंने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में राजस्व अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन 1100 पर प्राप्त हुई राजस्व संबंधी शिकायतों का शीघ्र निपटारा तय सीमा के भीतर सुनिश्चित करने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया।विभिन्न राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की बारीकियों से निगरानी करने उपरान्त सरकार द्वारा निर्धारित

समयावधि में निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप मंडलों के एसडीएम को लोगों की समस्याओं के समाधान में विशेष प्राथमिकता रखने को भी कहा।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में निशानदेही मामलों, तकसीम कब्जा नाजायज, इन्तकाल, जमाबन्दी नवीनीकरण, राजस्व भवनों के निर्माण एवं मुरम्मत कार्यों, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत वकाया विभिन्न घटकों, स्वामित्व योजना, कृषि गणना, वसूली, पुस्तकालय निर्माण, खनन आदि समस्त मामलों की भी समीक्षा की।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश, सहायक आयुक्त मनीष चौधरी, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, भरमौर कुलबीर सिंह राणा, तीसा जोगिंदर कुमार, सलूणी नवीन कुमार, डलहौजी अनिल भारद्वाज, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार जबकि उपमण्डल पांगी से सम्बन्धित राजस्व अधिकारी वर्चुअली मौजूद रहे।

हत्या के 2 मामले आने से कुल्लू में लोगों में दहशत: अमित सूद

कुल्लू/हिमालयन अपडेट
जिला कुल्लू में जिस तरह से 2 हत्या के मामले सामने आए हैं। उससे पूरे प्रदेश में लोगो के बीच दहशत का माहोल बना हुआ है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार अगर लोगो को सुरक्षा नहीं दे सकती है तो उन्हें सत्ता पर रहने का भी कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी अमित सूद ने बताया कि पहले एक व्यक्ति के द्वारा अपने ससुर की हत्या की गई और उसके बाद वह खुद पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर गया। पुलिस अभी तक इस मामले का पता नहीं लगा पाई कि आखिर क्यों उक्त

व्यक्ति ने अपने ससुर की हत्या की। वही दूसरा मामला मणिकर्ण घाटी में पेश आया जहां पर गर्म पानी के कुंड में एक युवती व एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। दोनों के शरीर पर चोट के भी काफी निशान है। लेकिन अभी तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि किसने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया और युवक तथा युवती कहां के रहने वाले हैं। कांग्रेस सरकार हर मंच से लोगों को सुरक्षा देने का दवा तो करती है लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और है। भाजपा के मीडिया सह प्रभारी अमित सूद ने बताया कि आए दिन प्रदेश में अपराध की घटनाएं बढ़ रही है और इस तरह से हत्या व लूटपाट के मामले सामने आने से लोगों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

अमित सूद ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह पहले प्रदेश में जनता की सुरक्षा को सुनिश्चित करें।।

राजस्व मंत्री ने जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के लिए प्रस्तावित जगह का किया निरीक्षण

शिमला/हिमालयन अपडेट
राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने गत दिवस शिमला ग्रामीण उपमण्डल के अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेवग नेहरा के घरोग में जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के लिए प्रस्तावित जगह का निरीक्षण किया। राजस्व मंत्री ने घरोग में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह जगह संस्थान के लिए उपयुक्त है। स्थानीय समिति से वन अधिकार अधिनियम की मंजूरी अपेक्षित है ताकि इसके निर्माण कार्य के संबंध में जल्द से जल्द विस्तृत परियोजना रिपोर्ट केन्द्र सरकार को प्रेषित की जा सके। केन्द्र सरकार से पैसा प्राप्त होने के उपरांत संस्थान का निर्माण कार्य शुरू

किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग अनुरूप जनजातीय प्रशिक्षण संस्थान में एक सामुदायिक भवन भी बनाया जाएगा ताकि यहां के लोगों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने इस दौरान अन्य मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि पूर्व की डबल इंजन की सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति पर 1 लाख 2 हजार रुपये का कर्ज छोड़ कर गई है। प्रदेश में वर्तमान सरकार एक नई सोच के साथ आगे बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश को स्वावलंबन बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा उचित कदम उठाए जा रहे हैं, जिसके परिणाम हम सभी को जल्द ही देखने को मिलेंगे।राजस्व मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रदेश को हर प्रकार से नुकसान उठाना पड़ा है। इसी दृष्टि से प्रदेश को फिर से पटरी पर लाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए 4500 करोड़ रुपये का राहत पैकेज जारी किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जहां मंत्रिमण्डल की पहली बैठक में पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया है वहीं प्रदेश के लोगों को रोजगार देने की दिशा में भी उचित कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें अकेले शिक्षा विभाग में 6 हजार से ज्यादा पदों को भरने का सिलसिला शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों के प्रति वचनबद्ध है, जिसे चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर वर्ग की हितैषी है, आगामी वर्षों में भी लोगों के हित अनुरूप कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के उपरांत राजस्व मंत्री ने मोक्ष फाउंडेशन द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रभा ठाकुर, पूर्व विधायक सोहन लाल, मण्डलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, स्थानीय पंचायत प्रधान सुमन शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

धमनियों में कैल्शियम ब्लॉक के इलाज के लिए रोटाब्लेशन तकनीक बेहद फायदेमंद साबित हो सकती है: डॉ कुणाल महाजन

मंडी/हिमालयन अपडेट
पिछले 2 दशकों में भारत में हृदय रोगों का प्रचलन बढ़ा है। हिमाचल हार्ट इंस्टीट्यूट,मंडी में मुख्य इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.कुणाल महाजन,हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता बनाने के महत्व पर जोर देते हैं और रोगियों को नवीनतम हृदय देखभाल तकनीकों और आज देश में उनके लिए उपलब्ध उन्नत तकनीकों के बारे में जागरूक होने पर जोर देते हैं।अक्सर कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित कई रोगियों में भारी मात्रा में कैल्सीफाइड कोरोनरी धमनी ब्लॉक होते हैं। हालाँकि उन्नत तकनीकों के साथ इनमें से कुछ रोगियों की बाईपास सर्जरी की जा सकती है लेकिन विशेष रूप से बुजुर्ग रोगियों में रुग्णता का जोखिम बहुत अधिक होता है और उन्हें ठीक होने में लंबा समय लगता है।कई बार मरीज खराब सामान्य स्थिति,कमजोर हड्डियों और खराब फेफड़ों जैसी अन्य सह.रुग्णताओं के कारण भी सर्जरी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं।ऐसे रोगियों के लिए रोटेशनल एथेरेक्टॉमी या सीधे तौर पर कैल्शियम काटना के रूप में समझाया गया बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इस तकनीक के लाभ पर प्रकाश डालते हुए डॉ. कुणाल महाजन कहते हैं,रोटेशनल एथेरेक्टॉमी की मदद से हम अधिकांश रोगियों को बाईपास सर्जरी से बचा सकते हैं। एथेरेक्टॉमी में उपयोग किए जाने वाले रोटाब्लेशन उपकरण में लाखों हीरे के क्रिस्टल जड़े हुए होते हैं।बर्र 150000 से 200000 चक्कर प्रति मिनट की गति से घूमता है और कैल्शियम को वैसे ही काटता है जैसे हीरा कांच को काटता है। एक बार जब कैल्शियम हटा दिया जाता

है तो स्टेंटिंग उत्कृष्ट परिणामों के साथ की जाती है।हाल ही में इस बीमारी की बढ़ती घटनाओं के कारण भारत में हृदय संबंधी बीमारियों पर ध्यान केंद्रित हो रहा है। कुछ जोखिम कारक किसी व्यक्ति को दूसरों की तुलना में कोरोनरी हृदय रोगों और दिल के दौरे के अधिक जोखिम में डालते हैं।मरीजों को उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड स्तर,उच्च रक्तचाप,मधुमेह और प्रीडायबिटीज,मोटापा,धूम्रपान,शारीरिक गतिविधि की कमी, अस्वास्थ्यकर आहार और तनाव सहित अन्य महत्वपूर्ण जोखिम कारकों पर नजर रखनी चाहिए।

अपने दिल की देखभाल करना सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो आप अपने स्वास्थ्य और कल्याण के लिए कर सकते हैं। लेकिन क्योंकि हृदय स्वास्थ्य में दैनिक आदतों को बदलना शामिल है इसलिए इसके लिए कुछ वास्तविक प्रयास की आवश्यकता हो सकती है। प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक समय में केवल एक ही आदत से निपटने का प्रयास करें।कोई भी हमेशा आदर्श आहार नहीं खाता है या उसे सही मात्रा में शारीरिक गतिविधि नहीं मिलती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि एक समझदार,यथार्थवादी योजना का पालन किया जाए जिससे धीरे.धीरे हृदय रोग विकसित होने की संभावना कम हो जाएगी।

'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग मे भी सृजनात्मकता की प्रासंगिकता कायम'

कुल्लू/हिमालयन अपडेट
राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कुल्लू के परिधि गृह प्रांगण में किया गया जिसमें उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने कहा कि प्रथम प्रेस आयोग ने भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा तथा पत्रकारिता में उच्च आदर्श स्थापित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय प्रेस परिषद की परिकल्पना की थी। 4 जुलाई, 1966 को देश में प्रेस परिषद स्थापित की गईए जिसने 16 नवंबर, 1966 से अपना कार्यभार संभाला। इसके उपरान्त हर वर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। दुनिया के विभिन्न देशों में प्रेस परिषद या मीडिया परिषद कार्य कर रही हैं।उन्होनें कहा कि भारत में प्रेस को वॉचडॉग सजग प्रहरीद्ध तथा भारतीय प्रेस परिषद को मोरल वाचडॉग की संज्ञा दी गई है। यह दिन हमें प्रेस की स्वतंत्रता एवं कर्तव्यों पर मंथन करने का अवसर प्रदान करता है। प्रेस परिषद द्वारा इस वर्ष के विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया विषय पर चर्चा करते हुए उपायुक्त गर्ग ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज प्रत्येक क्षेत्र में प्रासंगिक है। इससे हमारे श्रम एवं समय की बचत होती है। इससे प्राप्त सूचना के लेखक एवं पाठक दोनो को लाभ मिल रहा है क्योंकि पाठक को भी अपने रुचि एवं आवश्यकता की सूचनाएं प्राप्त करने में आसानी रहती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न उपकरणों से सूचना की प्रस्तुति एवं ग्राह्यता का विस्तार हुआ है।

लोअर अंदौरा में शराब सहित एक काबू

ऊना/हिमालयन अपडेट
उपमंडल अंब के तहत लोअर अंदौरा में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार देर शाम अंब पुलिस लोअर अशोक कुमार निवासी लोअर अंदौरा की तलाशी ली। पुलिस ने व्यक्ति से अवैध शराब की 10 बोतलें बरामद की हैं। एसपी ऊना अर्जित सेन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

विजेंद्र सूर्या को भाजपा के मंडल प्रशिक्षण का जिला संयोजक बनाया

नाहन/हिमालयन अपडेट
हिमाचल प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा ने प्रदेश के सभी जिलों के प्रशिक्षण वर्ग के जिला पदाधिकारीयों की ताजपोशी करके प्रदेश में युवाओं के प्रशिक्षण वर्ग प्रकोष्ठ का गठन करके युवा शक्ति को मजबूत करने की कवायत शुरू कर दी है। आज हिमाचल भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जारी प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी युवा नेताओं को सौंप दी है। भाजपा प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार जिला युवा भाजपा उपाध्यक्ष विजेंद्र सूर्या को सिरमौर जिला युवा मोर्चा के प्रशिक्षण वर्ग प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है जबकि तपेंद्र पुंडीर को

जिला सहसंयोजक बनाया गया है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रणवीर ठाकुर को युवा प्रशिक्षण वर्ग में जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी है जबकि रविंदर कुंडलस को युवा प्रशिक्षण वर्ग प्रकोष्ठ का जिला महामंत्री बनाया गया है। विजेंदर सूर्या ने सिरमौर जिला संयोजक बनाए जाने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष तिलकराज, सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर और सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है और उम्मीद दिलाई कि वह इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और अपने शीर्ष नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रदेश भर के युवाओं को पार्टी गतिविधियों, पार्टी के मौलिक सिद्धांतों और देश में भाजपा सरकार के क्रियाकलापों बारे युवा शक्ति को प्रशिक्षण देकर संगठित करने के उद्देश्य से भाजपा के युवा नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंप गई है। प्रशिक्षण के उपरांत भाजपा से जुड़ा युवा वर्ग गांव-गांव घर-घर जाकर देश में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और आम लोगों के उत्थान के लिए चलाई गई नीतियों का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे और युवा शक्ति को मजबूत करने के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे।

इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान देश में पुनः मोदी सरकार को विजय बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश से चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करना है।

सब्जी की दुकान में आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान

सोलन/हिमालयन अपडेट
सोलन के कोटलानाला में बीती रात शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने से सब्जी की दुकान जलकर राख हो गई। घटना करीब रात के 2 से 2:30 बजे के बीच सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार आग लगने से दुकान में रखी सभी सब्जियां और अन्य वस्तुएं जलकर राख हो गई। और करीबन 8 से 9 लाख का नुकसान हो चुका है अग्निशमन विभाग में मौके पर आकर आग पर नियंत्रण हासिल किया परंतु तब तक दुकान में रखी आधी से ज्यादा वस्तुएं चलकर राख हो गई थी। दुकान मालिक सूरज कश्यप ने बताया कि करीबन रात के 2:30 बजे शॉर्ट सर्किट के चलते यह आगजनी की

घटना सामने आई इसमें कोई जान ही नुकसान नहीं हुआ है और अग्निशमन विभाग में मौके पर आकर आग पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। वहीं मामले की जांच में पुलिस भी जुट चुकी है।

टकोली में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

ऊना/हिमालयन अपडेट
कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा टकोली द्वारा कृषि सहकारी सभा टकोली में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के प्रबंधक कृष्ण पाल सैनी ने की। इस अवसर पर सरकार द्वारा कृषि संबंधी कृषि बीमा, प्रधानमंत्री बीमा योजना, अटल पैंशन योजना, कृषि कार्ड, मासिक बचत खाते, सेविंग अकाउंट व एफडी खोलने आदि बैंक की योजनाओं बारे लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपप्रधान पंकज कुमार, राजेश राणा, राज कुमार, नीरज वाला, प्रकाश चंद सहित अन्य उपस्थित रहे।